# बिहार सरकार
## अल्पसंख्यक कल्याण विभाग
## निविदा आमंत्रण सूचना

दूरभाष संख्या–0612–2236742
ई–मेल–min-welfare-bih@nic.in

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, पुराना सचिवालय, प्रथम तल, एनेक्सी भवन, ब्लॉक–4, बिहार, पटना–800015 के कार्यालय में अधिष्ठापित कुल 44 (चौवालीस) वातानुकूलित यंत्रों के वार्षिक रख–रखाव (AMC) Comprehensive with Parts हेतु लगातार तीन वर्षों के लिए, इच्छुक सेवादाता / व्यक्तियों से निविदा आमंत्रित की जाती है।

2. निविदा के साथ केन्द्र सरकार / बिहार सरकार के अन्य सरकारी / अर्द्धसरकारी कार्यालय में अधिष्ठापित वातानुकूलित यंत्रों के वार्षिक रख–रखाव का कार्यानुभव प्रमाण–पत्र संलग्न रहने पर निविदादाता फर्म को प्राथमिकता दी जायेगी।

3. निविदादाता अपनी तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में (दोनों लिफाफा पर अलग–अलग ''तकनीकी निविदा'' एवं ''वित्तीय निविदा'' अंकित करते हुए) विभाग के आगत–निर्गत शाखा को दिनांक–04.09.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक प्राप्त करवाया जा सकता है। तकनीकी निविदाएं दिनांक–08.09.2026 को अपराह्न 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभागीय क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी तथा तकनीकी निविदा में सफल फर्मों की वित्तीय निविदा निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष उसी दिन खोली जायेगी।

4. मुहरबंद निविदा के ऊपर अलग–अलग साफ–साफ बड़े पठनीय अक्षरों में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना का कार्यालय में वातानुकूलित यंत्रों के वार्षिक रख–रखाव हेतु तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा अंकित किया जायेगा।

5. निविदादाताओं को निविदा कागजात के साथ उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, बिहार के पदनाम से किसी भी वाणिज्यिक बैंक द्वारा निर्गत स्वीकार योग्य फार्म में ₹10,000 (दस हजार रूपये) मात्र का डिमांड ड्राफ्ट प्रतिभूति राशि के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, जिसके अभाव में निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। असफल निविदादाता की प्रतिभूति (अर्नेस्ट मनी) उन्हें निविदा की समाप्ति के बाद 30 दिन के अन्दर वापस कर दी जायेगी।

6. निविदादाता सर्विस टैक्स / GST निबंधन प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं आयकर के विगत तीन वर्षों का भुगतान की छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न करेंगे।

7. बिहार खरीद अधिमानता अधिनियम–2024 के तहत निविदा चयन की प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जायेगी।

8. निविदादाता को इस आशय का शपथ–पत्र मूल में देना होगा कि उनकी फर्म कहीं से ब्लैकलिस्टेड नहीं है।

9. वित्तीय निविदा से पूर्व फॉर्म द्वारा कार्यालय में आकर भौतिक रूप से सभी A.C का निरीक्षण कर AMC के अन्तर्गत आने वाले कार्य को अच्छी तरह से समझ लेना होगा।

10. निविदा को बिना कारण बताए अस्वीकृत / रदद / संशोधन करने का पूर्ण अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

11. इस संबंध में कोई भी विवाद होने पर उसका विवेचन सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना द्वारा किया जाएगा।

12. निविदा की आवश्यक शर्तों एवं प्रपत्र को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना की वेबसाइट https: state.bihar.gov.in minoritywelfare के Latest News Section or Tender Menu पर देखा जा सकता है एवं तदनुरूप चयनित फर्म को इसका अनुपालन सुनिश्चित करना आवश्यक होगा।

Toll Free No. 18003456123

[illegible]

([illegible])

बिहार सरकार
अल्पसंख्यक कल्याण विभाग
पुराना सचिवालय, ब्लॉक–बी, प्रथम तल, बिहार, पटना–800015

दूरभाष संख्या–0612–2236742
ई–मेल–min-welfare-bih@nic.in

## वातानुकूलित यंत्रों के वार्षिक रख–रखाव की शर्तें

1. अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना के 44 (चौवालीस) वातानुकूलित यंत्रों के वार्षिक रख–रखाव अगले तीन वर्षों (दिनांक– 2026 से दिनांक– 2029) के लिए किया जायेगा। प्रथम वर्ष के दौरान फर्म द्वारा संतोषजनक कार्य किये जाने के उपरांत ही द्वितीय वर्ष के लिए 44 (चौवालीस) वातानुकूलित यंत्रों के वार्षिक रख–रखाव कार्यादेश निर्गत किया जायेगा एवं द्वितीय वर्ष के दौरान फर्म द्वारा संतोषजनक कार्य किये जाने के उपरांत ही तृतीय वर्ष के लिए 44 (चौवालीस) वातानुकूलित यंत्रों के वार्षिक रख–रखाव कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
2. प्रत्येक 6–6 माह के अवधि के बाद फर्म द्वारा प्रस्तुत विपत्र का भुगतान संबंधित कक्ष के पदाधिकारी/कोषांग द्वारा संतुष्टि प्रमाण–पत्र दिये जाने के उपरांत किया जायेगा।
3. विभाग द्वारा A.C खराब होने के सूचना मौखिक/दूरभाष/पत्र द्वारा दिये जाने के 24 घंटे के अन्दर इसे ठीक करना अनिवार्य होगा।
4. अगर भविष्य में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना में नया A.C अधिष्ठापित होता है तो उस A.C के कंपनी का Warranty अवधि के उपरांत स्वतः AMC में शामिल होगा एवं उसका भुगतान समानुपतिक रूप से किया जायेगा।
5. A.C के पूर्ण रूप से खराब (आकस्मिक दुर्घतना एवं भूकंप आदि) होने की स्थिति में चालू वातानुकूलित यंत्रों की गणना कर समानुपातिक रूप से विपत्र का भुगतान किया जायेगा।
6. A.C के Drainage System (पानी निकासी हेतु लगे मोटर) का वार्षिक रख–रखाव अनुबंध में रहेंगा।
7. कार्य संतोषजनक नहीं रहने/विलम्ब से किये जाने की स्थिति में सबंधित A.C के विपत्र में से 10% की कटौती कर ही विपत्र का भुगतान किया जायेगा।
8. वातानुकूलित यंत्रों के वार्षिक रख–रखाव में फर्म द्वारा संतोषजनक कार्य नहीं किये जाने पर इस सबंध में निर्गत कार्यादेश किसी भी समय रद्द करने हेतु सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना सक्षम प्राधिकार होंगे।

बिहार सरकार

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

(Financial Tender)

वित्तीय निविदा

(To be filled in and attached by the tender)

वातानुकूलित यंत्रों के वार्षिक रख–रखाव हेतु वित्तीय निविदा

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Advertisement/ Tender No. | : | |
| 2. | Name of Work for which offer has been made | : | |
| 3. | Name of Firm / Company with full Address | : | |
| 4. | Tendered (offered) Rate (Both in figure & Word) (As per Specification details attached) | : | |

Signature & Stamps of Tendereer
With full Address

बिहार सरकार

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

(Technical Tender)

(To be filled in and attached by the tender)

## तकनीकी निविदा

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1(i) | Name of Firm/Company/Person | | |
| (ii) | Full Address of the Firm/Company/Person | | |
| (iii) | Name of the Proprietor/Director/Person | | |
| (iv) | Telephone No./ Mobile No./Fax No./E-mail | | |
| 2. | Name of Work for which offer has been made | | |
| 3. | PAN Card (Attested Photocopy duly signed and stamped by the firm or company to be enclosed) | | |
| 4. | Registration under Shop and Establishment Act/Udyog Aadhar/S.S.I/Udyog Companies Act (Attested Photocopy duly signed and stamped by the firm or company to be enclosed | | |
| 5. | GST Registration No. (Attested Photocopy of certificate duly signed and stamped by the firm or company to be enclosed) | | |
| 6. | Self declaration that the firm is not blacklisted (on firm's Letter Head) | Yes (Self Declaration Attached) | No (Self Declaration Not Attached |
| 7. | Self declaration of Assurance for supply of the Material & Services (on firm's Letter Head) | Yes (Self Declaration Attached) | No (Self Declaration Not Attached |
| 8. | EMD Details:- Bank Draft/Bankers' Cheque No./Date/Amount | | |
| | Name of Bank/ Branch | | |
| 9. | Self attested copy of Income Tax Return of previous 3 years (i.e 2023-24, 2024-25 & 2025-26 | Yes (ITR Attached) | No (ITR Not Attached |
| 10. | Photocopies of Audited Balance sheet for last three years (2023-24, 2024-25 & 2025-26) duly signed and stamped by firm of company to be enclosed | | |
| 11. | Sample of Papers duly signed and stamped by firm or company to be enclosed | | |

Note : Rest Rule & Regulation as per Advertised tendor.

Signature & Stamps of Tenderer
With [illegible]